2 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 5/2/2025 10:11 PM Page 1

हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 3 मई 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 सोनहत में 100 दिन की मेहनत पूरी करने वाले मजदूरों को मिला सम्मान



## खबर संक्षेप

### सद्भावना ग्राम तकिया में ऊर्स हेतु शांति समिति की बैठक 5 को

**अंबिकापुर।** आगामी 20, 21 एवं 22 मई 2025 को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरगुजा जिले के तकिया मजार शरीफ में ऊर्स कार्यक्रम शांति पूर्वक मनाये जाने के संबंध आवश्यक तैयारी एवं सहयोग हेतु शांति समिति की बैठक 5 मई को सायं 4 बजे जिला कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### पीएमश्री सेजेस राजपुर में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 5 तक

**अम्बिकापुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज में नवीन सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन 10 अप्रैल से प्रारंभ होकर 5 मई तक भरे जाएंगे। कक्षा पहली से 8वीं के लिए रिक्त सीट से अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा जिसकी तिथि 10 मई निर्धारित है। कक्षा 9वीं से 12वीं में प्रवेश लिखित परीक्षा के माध्यम से लिया जाएगा जिसकी तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। जो विद्यार्थी ऑनलाइन फॉर्म नहीं भर पाए हैं वें विद्यालय में आकर ऑफ लाइन फॉर्म भर कर भी जमा कर सकते हैं।

### नक्सल पीड़ितों एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास हेतु समिति गठित

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग के निर्देशानुसार नक्सल पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं अन्य व्यवस्था हेतु छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण-पीड़ित राहत पुनर्वास नीति 2025 के अनुसार राहत एवं पुनर्वास से संबंधित कार्ययोजना को कार्यान्वित व समीक्षा करने के लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक सदस्य सचिव व वनमण्डलाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, कमांडेंट 12वीं वाहिनी, छसबल रामानुजगंज को सदस्य बनाया गया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि फरवरी 2023 से लेकर 24 फरवरी 2025 के मध्य विजय यादव ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब युवती ने शादी करने की बात कही तो अब वह शादी करने से इनकार कर रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी कुसमी इमानुएल लकडा के नेतृत्व में मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी भागने की फिराक में है जिसके बाद पुलिस द्वारा ग्राम लाऊ निवासी 24 वर्षीय विजय यादव आ. अरुण यादव को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 64 (2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह, सउनि प्रकाश तिर्की, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र ध्रुव, आरक्षक नरेन्द्र कश्यप, लखेश्वर पैकरा, अमृत सिंह, नरेश तिर्की, सुनील तिर्की तथा सैनिक संजय यादव सक्रिय रहे।

### एनएच 43 पर ग्राम बिशुनपुर में हुई घटना, क्षेत्र में पसरा मातम

# कार व बाइक के बीच भिड़ंत, दंपती समेत दो माह के मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शुक्रवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर बिशुनपुर चौक के समीप कार और बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। इस भीषण सड़क दुर्घटना में दम्पति समेत दो माह के मासूम की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार महिला और उसका बच्चा सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि टक्कर के बाद तेज रफ्तार अर्टिगा कार भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घर के दीवार से जा टकराई। टक्कर से वाहन सवार दो युवक और तीन छात्राएं घायल हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को पीएम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। अब तक की जांच में ओवरटेक करने के कारण टक्कर होने की बात कही जा रही है।

**खास बातें**
- बेलगाम रफ्तार के कारण हुई घटना
- टक्कर के बाद दूर जा गिरे मां-बेटे, बाइक को टक्कर मारते हुए दिवार से टकराई कार

बताया जा रहा है कि ग्राम पेटला दमगड़ा निवासी 42 वर्षीय सुनील लकड़ा आ. रिझन लकड़ा अपनी पत्नी असमिता लकड़ा एवं निमोनिया से बीमार दो माह के बच्चे के साथ घरेलू इलाज कराने ग्राम विशुनपुर जा रहा था। इस दौरान जैसे ही सुबह 8 बजे बाइक चालक सुनील बिशुनपुर चौक के पास पहुंचा उसने आगे चल रहे एक ट्रक को ओवरटेक किया। ट्रक को ओवरटेक करने के साथ ही उनके सामने एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार क्रमांक सीजी 15 इसी 0892 आ गई। इससे पहले कार और बाइक चालक संभल पाते दोनों वाहनों के बीच भिड़ंत हो गई। अचानक सामने आए बाइक को देखकर कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और बाइक को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे स्थित घर की दीवार से जा भिड़ा। आमने सामने हुई जोरदार टक्कर के बाद बाइक सवार पति पत्नी समेत दो माह के मासूम बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।टक्कर इतना जबरदस्त थी कि मासूम बच्चे समेत पति पत्नी उछलकर अलग अलग दिशा में काफी दूर जा गिरी। इस घटना में कार चालक सुनील समेत सभी को मामूली चोट लगी है।टक्कर के दौरान कार का एयरबैग खुल जाने के कारण कार चालक समेत सामने बैठे सदस्य की जान बच गई। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने माहौल को नियंत्रित करते हुए मृतकों एवं घायलों को हॉस्पिटल भिजवाया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए बीएनएस की 106(1)के तहत अपराध दर्ज करते हुए चालक को हिरासत में ले लिया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद मृतकों का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

### शादी समारोह में शामिल होने गए थे कार सवार

दुर्घटनाग्रस्त अर्टिगा कार ग्राम आमाटोली निवासी डाकेश्वर पैंकरा की बताई जा रही है। उक्त कार को लेकर 32 वर्षीय सुनील कुमार पैंकरा आ. तापेंद्र पैंकरा अपने दो साथियों के साथ शादी समारोह में शामिल होने बतौली गया हुआ था। शादी समारोह से वापस लौटते समय बतौली चिरगा गांव की तीन छात्राएं आईटीआई की परीक्षा देने उसी कार में सवार होकर सीतापुर आ रही थी। कार को सुनील चला रहा था इसी दौरान ग्राम विशुनपुर चौक के पास यह हादसा हो गया। घटना के बाद कार में सवार उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। जबकि कार चालक व छात्राओं को मामूली चोट आई थी जिनका उपचार अस्पताल में कराया गया।

### दो बेटियों के सिर से उठा मां बाप का साया

नेशनल हाईवे पर हुई इस भीषण सड़क दुर्घटना में जहां दो बेटियों ने हमेशा के लिए अपने मां बाप को खो दिया। वही बूढ़े माता पिता का बुढ़ापे का सहारा उनसे छीन गया। सड़क दुर्घटना में मृत सुनील अपने बूढ़े माता पिता का इकलौता बेटा था। किसान परिवार से संबंध रखने वाले सुनील के परिवार की आजीविका खेती किसानी पर निर्भर थी। जिसके बदौलत सुनील की दो बेटियों इंदु लकड़ा 12 वर्ष एवं चंदू लकड़ा 8 वर्ष की शिक्षा दीक्षा एवं परिवार का जीवन यापन होता था। इस घटना के बाद परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट गया है। जहां दो बेटियों ने अपने माता पिता को खो दिया वही बूढ़े माँ बाप हमेशा के लिए बेसहारा हो गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया है। घटना के बाद परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

### विधायक रामकुमार टोप्पो ने जताई संवेदना

ग्राम विशुनपुर चौक के पास सुबह हुई सड़क दुर्घटना में मृत एवं घायलों के प्रति विधायक रामकुमार टोप्पो ने संवेदना जताई है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को ढांढस देते हुए कहा कि इस हृदयविदारक घटना में मैं पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूं। इस कमी को तो पूरा नहीं किया जा सकता है पर जब भी उन्हें किसी प्रकार के सहयोग की जरूरत होगी मैं हमेशा उनका साथ दूंगा सहयोग करूंगा। इसके साथ ही उन्होंने उन्होंने घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।



## मारपीट से आक्रोशित पिता ने लुंगी से गला घोंटकर बेटे को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

युवक की संदेहास्पद मौके के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। युवक की गला दबाकर हत्या की गई थी। युवक की हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक के पिता को ही गिरफ्तार किया है। शराब के नशे में धुत बेटे द्वारा किए गए हमले से आक्रोशित पिता ने लुंगी से बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- 24 अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था युवक का शव, आरोपी पिता गिरफ्तार

बता दें कि थाना अंतर्गत ग्राम सूर बखरीपारा निवासी शिवनारायण पैकरा शव 24 अप्रैल की सुबह उसके घर के बरामदे में ही बिस्तर पर मिला था। युवक शराब पीने का आदि था और रात को किसी शादी में गया हुआ था अगली सुबह उसका शव संदिग्ध हालत में मिला था। इस मामले में मृतक के भाई शिवशंकर पैकरा ने पुलिस को सूचना दी थी। शिव शंकर पैकरा ने पुलिस को बताया कि मृतक शिवनारायण पैकरा 23 अप्रैल को शादी कार्यक्रम में ग्राम करियासूर गया हुआ हुआ था। रात डेढ़ बजे दो कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर परिवार के लोग समझे कि शिवनारायण घर में आकर सो गया है। उसे घर में आकर सोते हुए किसी ने देखा नहीं था। अगली सुबह शिव नारायण का दोस्त उसे उठाने आया तो देखा कि उसकी मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा गया था। पीएम रिपोर्ट में युवक की मौत गला घोटने से होने की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान संदेह के आधार पर मृतक के पिता राजेन्द्र पैकरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि 23 अप्रैल की रात शादी कार्यक्रम से लौटने के बाद शिव नारायण घर आकर अपनी मां, बहन और पिता से झगड़ा कर रहा था। इस दौरान पिता राजेन्द्र पैकर ने बीच बचाव किया। लड़ाई होने के कारण युवक की मां और बहन घर से भाग गए। इसी दौरान शिव नारायण ने छड मोड़ने वाले डाई रॉड से अपने पिता पर हमला कर दिया जिसके बाद आक्रोशित होकर राजेन्द्र पैकरा ने भी अपने पुत्र की लुंगी से गला घोंटकर हत्या कर दी। युवक की मौत के बाद वह बेटे के शव को घसीटकर कमरे में लाया और सुला दिया। पुलिस द्वारा मामले में घटना में प्रयुक्त लुंगी और डाईरॉड को जब्त करने के साथ ही आरोपी 60 वर्षीय राजेन्द्र पैकरा आ. जगमोहन पैकरा को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल, उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, आरक्षक मनोहर पैकरा, धनकेश्वर यादव, कृष्णा खेस सक्रिय रहे।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश फांसी के बाद उतारकर लिटाया गया था बिस्तर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के गोधनपुर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है। महिला की लाश बिस्तर पर थी जबकि घर में लोहे के रॉड से फांसी लगाए जाने के सबूत भी मिले है। संभावना जताई जा रही है कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है लेकिन फांसी की रस्सी को काटकर बाद में महिला को बिस्तर पर लिटाया गया है। महिला लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी। घटना के बाद से महिला का कथित पति फरार बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

- लिव इन रिलेशनशिप में थी महिला, कथित फरार

बताया जा रहा है कि गोधनपुर एसएलआरएम सेंटर के समीप रहने वाली 40 वर्षीया सालो खलखो आ. स्व. बसंत खलखो विगत चार पांच माह से से एक युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी। गुरुवार की सुबह महिला और उसके कथित पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था और उसके बाद शुक्रवार की दोपहर पड़ोस की महिलाओं ने सूने मकान में महिला की संदिग्ध परिस्थितयों में महिला की लाश देखी थी। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, फॉरेंसिक टीम द्वारा लाश को मर्ग पंचनामा उपरान्त पीएम के लिए भेजा गया। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि महिला की लाश उसके बिस्तर पर पड़ी हुई थी। मौके पर मुर्गा दारु के साथ ही शराब के दो गिलास मिले है। इसके साथ ही कमरे में ही एक लोहे के रॉड से दुपट्टा लटका हुआ है जिससे संभावना जताई जा रही है कि महिला ने फांसी लगाकर आत्म हत्या की है लेकिन उसके बाद उसकी लाश को रस्सी काटकर नीचे उतारा गया है। वहीं पुलिस की पूछताछ में मजदूरी का काम करने वाली नीमा राजवाड़े ने बताया है कि उसके साथ मजदूरी करने वाले कमेलश ने उसके बताया था कि 1 मई को वह महिला के घर गया था जहां उसका पति बाहर बैठा हुआ था। इस दौरान पति ने उसे बताया कि सालो खलखो विवाद के बाद नाराज होकर घर के अंदर चली गई है।

ऐसे में जब वह अंदर गया तो महिला फांसी पर झूल रही थी। युवक ने मृतिका के पति के साथ मिलकर उसकी लाश को नीचे उतारा और वहां से भाग गया। रास्ते में उसने नीमा राजवाड़े से मिलकर उसे घटना की जानकारी दी थी। फिलहाल घटना के बाद से महिला का कथित पति और उसका मित्र कमलेश फरार चल रहे है। पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है।



घटना स्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी।

## सीमांकन करने गए पटवारी पर ईंट से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

आंगनबाड़ी भवन के लिए जमीन सीमांकन करने गए पटवारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने पटवारी पर ईंट से हमला करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पटवारी ने इस मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है।

- आंगनबाड़ी केंद्र भवन के लिए कर रहे थे भूमि का चिन्हांकन

बताया जा रहा है कि सुशासन तिहार में ग्राम जतरो के सरपंच ने गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भवन के लिए आवेदन दिया था और इसी आवेदन के निराकरण हेतु पटवारी सुनेश्वर सिंह ग्राम जतरो में भूमि का चिन्हांकन करने गए थे। आरोप है कि जब पटवारी जमीन का सीमांकन करने के बाद पंचनामा तैयार कर रहे थे तो पड़ोस की जमीन के मालिक पिता पुत्र दुबराज सिंह और नन्द सिंह मौके पर पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर ईंट से उसपर हमला कर दिया। इसके साथ ही पिता पुत्र ने पटवारी को जान से मारने की धमकी दी। पटवारी ने बताया कि पूर्व में भी जमीन सीमांकन के दौरान उन्होंने विवाद किया था। इस मारपीट में पटवारी को सिर में चोट आई है। पटवारी द्वारा फिलहाल मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है जिसपर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।





2-may-Ambikapur-bhoomipg-2_Layout 1 5/2/2025 9:47 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### दशरथ को मिली आवास योजना की दूसरी किस्त

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छग सरकार द्वारा प्रारंभ की गई सुशासन तिहार-2025 आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक सशक्त मंच बनकर उभरा है। भरतपुर विकासखंड़ के ग्राम तोजा निवासी दशरथ बैगा ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त ना मिलने के संबंध में 9 अप्रैल को सुशासन तिहार के अंतर्गत अपना आवेदन जनपद पंचायत में जमा किया था। प्रशासन की तत्परता से उनकी शिकायत को तुरंत संज्ञान में लिया गया और 26 अप्रैल को उनकी दूसरी किस्त उनके बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी गई।

### भागवत कथा आयोजन को लेकर बैठक

**खड़गवां।** क्षेत्र में आगामी 15 मई से 21 मई तक आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा को लेकर शुक्रवार को स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में भागवत कथा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न तैयारियों पर चर्चा की गई तथा सभी जिम्मेदार अधिकारियों को उनके-अपने कर्तव्यों का स्पष्ट निर्देश दिया गया। यह धार्मिक आयोजन जनपद पंचायत के प्रांगण में संपन्न होगा। इसमें दीपू महाराज के मुखारविंद से कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और अच्छी खासी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी व आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### जनपद ने 64 परिवारों को दी शौचालय स्वीकृति

**सोनहत।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जनसुनवाई और त्वरित समाधान की प्रक्रिया में जनपद पंचायत सोनहत द्वारा 64 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कार्रवाई उन आवेदनों के आधार पर की गई, जिनमें नागरिकों ने समाधान शिविरों के दौरान अपनी समस्याएं रखी थीं। ग्राम कैलाशपुर के शिवमंगल पिता रामदास, ग्राम सलगवांकला की दुर्गावती पति आनंद कुमार और इंद्रेश कुमार देवांगन पिता रामसूरत देवांगन द्वारा शौचालय न होने की समस्या समाधान शिविर में बताई गई थी। अधिकारियों ने इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पात्रता की पुष्टि कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की। सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन और सुशासन तिहार की भावना को मूर्तरूप देने में यह पहल एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा के लिए उठाया गया यह कदम ग्रामीण स्वच्छता और सम्मानजनक जीवन के लिए जरूरी है। संवेदनशीलता और जवाबदेही को दशार्ती है, जो आम नागरिकों की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता देने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

### पोषण संगवारी उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं प्रशिक्षण




**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत के मंथन कक्ष में शुक्रवार को जिला मिशन प्रबंधन इकाई द्वारा उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 220 पोषण संगवारी दीदियों को बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यशाला में कम वजन वाले बच्चों की दर को कम करने और गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण व स्वास्थ्य देखभाल कराने के लिए प्रेरक जानकारी साझा की गई। पोषण संगवारी दीदियों को, गर्भवती व शिशुवती महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और स्व सहायता समूह द्वारा तैयार की जा रही कोरिया मोदक लड्डू के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पोषण संगवारियों को सम्मानित कर उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाएं, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग तथा एनआरएलएम के अधिकारी-कर्मचारी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## मजदूर दिवस पर श्रमिकों का किया गया सम्मान

# सोनहत में 100 दिन की मेहनत पूरी करने वाले मजदूरों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

**बैकुण्ठपुर।** अंतरराष्टीय मजदूर दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सोनहत ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए उन श्रमिकों को सम्मानित किया, जिन्होंने मनरेगा के तहत 100 दिनों की मजदूरी पूरी कर ली है। इस सम्मान समारोह का आयोजन पंचायत भवन परिसर में किया गया, जिसमें सरपंच मानमती दिनेश सिंह ने मेहनतकश मजदूरों को श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके अविरल श्रम के प्रति आभार जताया। समारोह को संबोधित करते हुए सरपंच मानमती दिनेश सिंह ने कहा कि हमारा समाज श्रमिकों की मेहनत पर ही खड़ा है।

यह सम्मान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की उस रीढ़ को प्रणाम है, जो चुपचाप निर्माण में लगी रहती है। मजदूरों का सम्मान समाज को जागरूक और संवेदनशील बनाता है। कार्यक्रम में मौजूद श्रमिकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। एक मजदूर ने भावुक स्वर में कहा कि हम रोज मेहनत करते हैं, लेकिन पहली बार हमें ऐसा महसूस हुआ कि हमारी मेहनत को देखा और सराहा गया। यह सम्मान हमारे लिए गर्व और प्रेरणा दोनों है। इस आयोजन के माध्यम से ग्राम पंचायत सोनहत ने यह संदेश दिया कि मजदूर केवल निर्माण नहीं करते, वे समाज की आत्मा हैं। उनकी सराहना समाज को मानवीय बनाती है। पंचायत की यह पहल उस सोच को दशार्ती है जिसमें श्रम को केवल आर्थिक मूल्य नहीं, बल्कि सामाजिक गरिमा का दर्जा दिया गया है। 1 मई को जब विश्व श्रम दिवस मनाया जा रहा था, तब सोनहत ने जमीनी स्तर पर उस भावना को जीवंत किया। यह आयोजन न केवल एक दिवस विशेष तक सीमित रहा, बल्कि यह अन्य ग्राम पंचायतों और समाज के लिए प्रेरणा बन गया।



### मजदूरों का हुआ सम्मान

बरबसपुर। मजदूर दिवस के अवसर पर बरबसपुर स्थित क्षेत्र में संचालित स्टोन क्रेशर के सभी मजदूरों का स्वागत कर मिठाई खिलाया गया और उन्हें गमच्छा भेंट किया गया। इस अवसर पर क्रेशर संचालक दुर्गेश पाण्डेय सहित करीब 80 मजदूर उपस्थित रहे।





## संस्थान में मनाया गया श्रमिक दिवस

बैकुण्ठपुर। जन शिक्षण संस्थान द्वारा विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एमसीबी जिले के चिरमिरी नगर निगम के दो प्रशिक्षण केन्द्रों पर किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संजीव विश्वकर्मा द्वारा वार्ड पार्षद एवं उपस्थित हितग्राहियों का अभिवादन किया गया। उन्होंने बताया कि मजदूर दिवस भारत में नहीं पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह दिन मजदूरों की मेहनत को याद करने का दिन है, उन्हें सम्मान देने का दिन है। हम सभी किसी न किसी क्षेत्र में मेहनत मजदूरी करते हैं, पर एसी कमरो में बैठकर मेहनत करना और धूप में पसीना बहाना, जमीन आसमान का अंतर है। आज सभी 8 से 10 घंटे काम करते हैं, तो इसके पीछे उन मजदूरों का योगदान है। वार्ड पार्षद कमलावती यादव ने हितग्राहियों को समूह गठन करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी को समूह का गठन करना चाहिए, क्योंकि अलग-अलग लोगों को काम मिलने में मुश्किल हो सकती है, पर समूह को कोई कार्य मिलने में आसानी होती है।कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्रीमती मोती प्रधान, श्रीमती कलावती यादव, संस्था के डीईओ कृष्णभूषण उपाध्याय, संस्था के प्रशिक्षण कुमारी अमिता बघेल, श्रीमती विमला देवी, श्रीमती सुनीता देवी, श्रीमती रूबिना खातुन, श्रीमती बिंदू सिंह सहित प्रशिक्षण प्राप्त एवं आगे प्राप्त करने वाले हिताग्राही उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण को लेकर जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



बह रहा पानी।

गर्मी के दिनों में पेयजल संकट कई क्षेत्रों में शुरू हो जाती है। जल संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जन सहयोग से आवा पानी झोकी अभियान की शुरूआत कर लोगों को जल संरक्षण के महत्व को बताने की दिशा में ठोस पहल की है, वहीं दूसरी ओर शहर सहित जिले के कई क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोत पर उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पेयजल बेकार बह रहा है।

इस तरह के नजारे कई जगहों पर देखने को मिल जाएंगे। जिस तरह से आवा पानी झोंकी अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान के तहत गांव-गांव में ऐसे जल स्त्रोत हैं, जहां पेयजल बेकार बह रहा है, उसे सुरक्षित करने की दिशा में भी प्रयास करने की जरूरत है। जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद के आदर्श ग्राम कटगोड़ी से पहले मुख्य मार्ग पर एक जगह पर पाइप के सहारे आस-पास के लोगों के द्वारा पेयजल प्राप्त किया जाता है। पाइप को सुरक्षित बंद करने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण सप्लाई होने तक पेयजल बर्बाद होते रहता है। उल्लेखनीय है कि ग्राम कटगोड़ी में लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है, बावजूद इसके पेयजल स्त्रोत पर जल संरक्षण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। एक ओर लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर पेयजल बेकार बह रहा है।

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को मिली पुस्तकें

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार 2025 के तहत युवाओं की शिक्षा और भविष्य निर्माण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। ग्राम जिल्द बांधपारा निवासी कृष्ण पाल द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे ग्रामीण युवाओं के लिए पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग समाधान शिविर में की गई थी। इस जनहितकारी आवेदन को स्कूल शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित संज्ञान में लिया।

शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने स्वयं कृष्ण पाल और उनके साथियों को प्रतियोगी पुस्तकों का एक सेट भेंट किया। कृष्ण पाल ने समाधान तिहार के दौरान अपने आवेदन में यह बात रखी थी कि गांव के कई युवक व्यापमं द्वारा आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण वे पिछड़ जाते हैं। इस मांग को प्रशासन ने प्राथमिकता देते हुए युवा प्रतिभाओं के मार्गदर्शन के लिए जरूरी पुस्तकें उपलब्ध करारइं। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने इस मौके पर कहा कि हमारा प्रयास है कि सुशासन तिहार में मिले हर आवेदनो का निराकरण समय पर हों यही सुशासन का मूल उद्देश्य है। पुस्तकें प्राप्त कर युवाओं ने प्रसन्नता जताई और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, शासन व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि यह सुशासन तिहार से मिले सहयोग उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा और सफलता के द्वार खोलेगा।



पुस्तकें भेंट करती कलेक्टर।

# 5 से 31 तक लगेंगे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- 17 स्थलों पर होगा समाधान शिविर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छग सरकार द्वारा प्रदेश में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2025 का सफल आयोजन किया जा रहा है।

सुशासन तिहार के प्रथम चरण (8 से 11 अप्रैल) में प्राप्त आवेदनों के द्वितीय चरण में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के पश्चात अब तृतीय चरण में 5 से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिले के विकासखंड़ बैकुंठपुर एवं सोनहत के साथ तीनों नगरीय निकाय बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा और पटना में शिविर आयोजित करने के लिए जिला एवं खंड़ स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी जिला स्तरीय नोडल अधिकारी होंगे, जबकि श्रीमती दीपिका नेताम अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुंठपुर, राकेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सोनहत खंड स्तरीय अधिकारी होंगे। सहायक नोडल अधिकारियों में संबंधित जनपद पंचायतों के सीईओ व तकनीकी सहायक शामिल हैं।

सुशासन तिहार 2025

### समाधान शिविर की प्रमुख तिथियां व स्थल

5 मई को बंजारीडांड, 7 मई को तोलगा, 9 मई को पोंडी, 10 मई को कटगोड़ी, 14 मई को छिंदिया, 16 मई को टेंगनी, 17 मई को अकलासरई, 19 मई को फूलपुर, 21 मई को मनसुख, 23 मई को रामगढ़, 26 मई को मोदीपारा, 28 मई को बुडार, 30 मई को सलगवांकला तथा 31 मई को जमगहना में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल क्लस्टर ग्राम पंचायतों के लिए तकनीकी सहायक, प्रभारी अधिकारी व संबंधित विभागों के प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। पटना नगर पंचायत के मिनी स्टेडियम में 8 मई, नपा शिवपुर-चरचा के सामुदायिक भवन में 15 मई तथा नपा बैकुंठपुर के मानस भवन में 22 मई को शिविर का आयोजन होगा। नपा बैकुंठपुर के लिए संजय दुबे, शिवपुर-चरचा के लिए वशिष्ठ कुमार ओजा तथा नपं पटना के लिए सिकंदर सिदार को सहायक नोडल अधिकारी व शिविर प्रभारी बनाया गया है।

### कॉलेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बने वीरेन्द्र



**मनेन्द्रगढ़।** विधायक मनेन्द्रगढ़ श्याम बिहारी जायसवाल एवं मंत्री, आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा प्रभारी मंत्री, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर राम विचार नेताम की अनुशंसा पर जनभागीदारी समिति, शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। घोषित सूची में वीरेन्द्र सिंह राणा अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इसीक्रम में धर्मेन्द्र पटवा, दयाशंकर यादव, मनोज अग्रवाल, उमेश जायसवाल, शैलेष जैन, आदित्य राज डेविड, विवेक अग्रवाल, कैलाश गोयल, राजकुमार गुप्ता, दिलीप सिंह, सुंदरलाल दुग्गड़, मुरलीधर सोनी, शंकरलाल पंसारी, रवि अग्रवाल, जितेन्द्र यादव सदस्य नियुक्त किए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। जिला प्रशासन ने सभी नवनामित सदस्यों को बधाई दी देते हुए आशा व्यक्त की है कि समिति शिक्षा के क्षेत्र में जनसहभागिता को और सशक्त बनाएगी।

# कामेश्वर को प्राथमिकता का मिला राशन कार्ड



राशन कार्ड सौंपते अध्यक्ष।

**चरचा कॉलरी।** सुशासन तिहार 2025 के तहत नगर पालिका शिवपुर चरचा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हितग्राही कामेश्वर प्रसाद पिता टालर साय को प्राथमिकता श्रेणी का नवीन राशन कार्ड प्रदान किया गया। यह कार्य नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा के नेतृत्व में किया गया। कामेश्वर प्रसाद द्वारा दिए गए आवेदन पर प्रशासन ने तत्परता से संज्ञान लिया और आवश्यक दस्तावेज जमा कराने के बाद राशन कार्ड बनाकर सौंपा गया। राशन कार्ड मिलने से हितग्राही को आवश्यक खाद्य सामग्री प्राप्त करने में सुविधा होगी। नगर पालिका अध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम नागरिकों को त्वरित और प्रभावी सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से जनता की समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के समग्र विकास और नागरिकों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करना है। सुशासन तिहार इसी दिशा में एक सार्थक पहल है, जिसमें नागरिकों की भागीदारी और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता है। नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों और सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में यह त्वरित कार्रवाई एक मिसाल के रूप में सामने आई है।

## श्रमवीर स्टेडियम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

# कवि लक्ष्मण नेपाली ने हास्य-व्यंग्य से सबको हंसाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी






एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के तत्वावधान में श्रमवीर स्टेडियम में गुरूवार रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

देशभर से आए नामचीन कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। खासकर नेपाल से आए कवि लक्ष्मण नेपाली ने अपनी हास्य-व्यंग्य कविताओं से दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र मिश्र धड़कन छत्तीसगढ़ और राधेश्याम मिश्र कानपुर ने किया। मंच पर जिन कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी। इनमें प्रमुख रूप से धर्मेश अविरल फरीदाबाद, विनोद राजयोगी आगरा, दिनेश देहाती, दिनेश गुक्कज प्रतापगढ़, लता शबनम बालाघाट और अतुल उपाध्याय सीधी शामिल रहे। सभी ने अपने-अपने अंदाज में सामाजिक, हास्य, वीर और श्रृंगार रस की कविताएं प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र बीएन झा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कवियों का शाल, श्रीफल और माला पहनाकर सम्मान किया। अध्यक्षता खान सुरक्षा अधिकारी एमआर मांडवी ने की, जिन्होंने स्वयं भी अपनी कविता से श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कविता समाज का दर्पण है और ऐसे आयोजनों से समाज को दिशा मिलती है। यह कार्यक्रम एसईसीएल कर्मियों के एक दिन के वेतन से जुटाई गई निधि से आयोजित किया गया, जो एक सराहनीय सामाजिक प्रयास है। आयोजन में उपाध्यक्ष शब्बीर अली, सचिव इंद्रजीत पाल, सह सचिव विनोद दुबे, कोषाध्यक्ष चंद्रपाल, ज्ञानेन्द्र पाण्डे सहित आयोजन समिति की पूरी टीम की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सभी कवियों और दर्शकों का सम्मान किया गया और आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। एसईसीएल की यह पहल न केवल कविता और संस्कृति को मंच देती है, बल्कि समाज में सौहार्द, एकता और रचनात्मकता को भी मजबूती प्रदान करती है।



### अनुकंपा नियुक्तिः एसपी ने अमित को सौंपा पत्र

**बैकुण्ठपुर।** बीते 4 दिसंबर 2023 को कोरिया में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 295 अनिल लकड़ा का बीमारी के दौरान निधन हो गया था। इनके निधन के पश्चात धर्मपत्नी श्रीमती अरूणा लकड़ा द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के अंतर्गत अपने ज्येष्ठ पुत्र अमित लकड़ा को सेवा में लिए जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे द्वारा इस प्रकरण में संवेदनशीलता एवं सहानुभूति के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्त प्रक्रियाओं को नियमानुसार पूर्ण कराया गया। फलस्वरूप 2 मई को अमित लकड़ा को आरक्षक (जीडी) के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। यह नियुक्ति न केवल शोकसंतप्त परिवार को आर्थिक और मानसिक संबल प्रदान करेगी, अपितु दिवंगत अधिकारी के सेवा-समर्पण के प्रति विभाग की कृतज्ञता का प्रतीक भी है। एसपी श्री कुर्रे ने नवनियुक्त आरक्षक को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

2 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 5/2/2025 10:11 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### बीएड अर्हताधारी शिक्षकों की मेहनत को मिला सम्मान, कैबिनेट मंत्री से की भेंट

**बिश्रामपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़े फैसले से उत्साहित बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों ने शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े से उनके गृहग्राम वीरपुर में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार द्वारा सहायक शिक्षक प्रयोगशाला पद पर समायोजन के ऐतिहासिक निर्णय पर आभार प्रकट किया। बता दें कि सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत नियुक्त इन शिक्षकों की सेवाएं पहले समाप्त कर दी गई थी जिससे हजारों शिक्षकों में निराशा का माहौल था, लेकिन लंबी प्रतीक्षा, विरोध और संवाद के बाद सरकार ने उनकी पीड़ा को समझते हुए सहायक शिक्षक प्रयोगशाला के रूप में समायोजन का निर्णय लिया, इससे 2621 बीएड धारक शिक्षकों को फिर से सम्मान और स्थायित्व मिला। कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने भी शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार संवेदनशील है और योग्यताओं को नजर अंदाज नहीं किया जाएगा।

### किसान क्रेडिट के माध्यम से उर्वरक एवं धान बीज का उठाव करें सुनिश्चित

**सूरजपुर।** खरीफ मौसम हेतु जिले के कृषकों के लिए बीज एवं उर्वरकों की आवश्यकता को देखते हुए सहकारी समिति में उर्वरकों एवं बीजों का अग्रिम भण्डारण व उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। जिले अंतर्गत सभी सहकारी समितियों में अभी तक संशोधित, उन्नत किस्म के धान बीज का 4495.50 क्विंटल लक्ष्य के विरूद्ध 900 क्विंटल भण्डारण किया गया है तथा उर्वरक अंतर्गत 26360 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरूद्ध 4115 मीट्रिक टन भण्डारण किया गया है। जिसका वितरण कृषक को कराया जा रहा है। जिला प्रशासन की जिले के समस्त कृषकों को जल्द से जल्द अपने नजदीकी सहकारी समिति में जाकर किसान क्रेडिट के माध्यम से उर्वरक एवं धान बीज का अग्रिम उठाव सुनिश्चित करने की बात कही है ताकि खेती के समय सुनिश्चित रहें।



### सेवानिवृत हुए प्रधान पाठक को दी गई विदाई



**केदमा।** पूर्व माध्यमिक शाला केदमा के प्रधान पाठक अयोध्या प्रसाद सोनवानी आज सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने पर आज तीनों संकुल केदमा,केसमा, शायर ने मिलकर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया। तीनों संकुल के शिक्षक सहित क्षेत्र के सेवानिवृत्त शिक्षकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर श्री सोनवानी ने कहा की एक वो समय था जब नौकरी मिलने की खुशी कुछ कर गुजरने का जुनून था और एक आज वह दिन है जब अपने कार्य से मुक्त होने तथा अपनों को खोने का दुख है। कार्यक्रम को एपी सोनी, रामलाल सिंह सहित अन्य शिक्षको ने भी सम्बोधित किया। सेवा निवृत शिक्षक को संकुल एवं शिक्षकों की तरफ से श्रीफल, साल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधान पाठक रामलाल सिंह, प्रधान पाठक एपी सोनी, सुशीला ठाकुर, केवल किस्पोट्टा, नान साय मिंज, सूचित सिन्हा, जगदीश प्रसाद सनमानी, देवमोहन नगवंशी, सिलकेन लकड़ा, पुष्पा मिश्रा, दिलेसवारी पैकरा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### थाने के सामने बोलेरो ने युवक को कुचला, मौके पर मौत

**सेदम/बतौली।** शुक्रवार की देर शाम रघुनाथपुर थाना के सामने बोलेरो चालक ने सड़क किनारे खड़े युवक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घटना के बाद चालक वाहन को छोडकर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम बटवाही निवासी 35 वर्षीय शंकर नागेश शुक्रवार की शाम किसी काम से रघुनाथपुर थाना आया हुआ था। युवक देर शाम थाना से निकलकर सड़क पार कर रहा था इस दौरान अंबिकापुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक सीजी 15 ईडी 2470 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा शव को मर्च्युरी में रखवाया गया है। वहीं बताया जा रहा है कि बोलेरो को सीतापुर के अंतर्गत ग्राम ललितपुर निवासी निवासी तरसुस खलखो चला रहा था। चालक आर्मी में पदस्थ है और वर्तमान में छुट्टी में अपने घर आया था। तरसुस खलखो अपनी बोलेरो से परिवार के सदस्यों को लेकर अंबिकापुर गया हुआ था और वापस लौटते समय लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए घटना को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा वाहन को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है।

## ग्रामीण क्षेत्रों से सात जिपं सदस्य हुए निर्विरोध निर्वाचित

# जिला योजना समिति के चुनाव में भाजपा का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ जिला योजना समिति अधिनियम 1995 एवं जिला योजना समिति निर्वाचन नियम 1995 के तहत जिले में जिला योजना समिति के गठन हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत हुए चुनाव में 8 सदस्यों का निर्वाचन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के 7 जिला पंचायत सदस्य भाजपा समर्थित सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

**खास बात**

- भाजपा के मुकेश को 50 व कांग्रेस के गैबीनाथ को मिले 15 मत

जिले के सभी नगरीय निकायों से एक सदस्य का निर्वाचन होना था। जिसमें भाजपा से नपा सूरजपुर के पार्षद मुकेश गर्ग व प्रतापपुर नपं के पार्षद मुकेश अग्रवाल ने नामांकन दाखिल किया था। कांग्रेस से सूरजपुर नपा के गैबीनाथ साहू ने नामांकन दाखिल किया था। संगठन के निर्देश पर नाम वापसी के दौरान प्रतापपुर नपं के पार्षद मुकेश अग्रवाल ने अपना नामांकन वापस ले लिया। जिसके बाद भाजपा के मुकेश गर्ग व कांग्रेस के गैबीनाथ साहू के मध्य सीधा मुकाबला हुआ। जिसमें कुल 98 मतदाताओं में सूरजपुर नगर पालिका परिषद से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 19, विश्रामपुर, जरही, प्रतापपुर,भटगांव नगर पंचायत से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 16-16 व प्रेमनगर से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 15 मतदाता थे। आज जिले की सभी नगरीय निकायों से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों को मिलाकर कुल 65 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन में भाजपा के मुकेश गर्ग को 50 व कांग्रेस के गैबीनाथ साहू को 15 मत प्राप्त हुए। जिसके उपरांत पीठासीन अधिकारी एसडीएम शिवानी जायसवाल ने मुकेश गर्ग को विजयी घोषित कर निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से सात सदस्य निर्वाचित होने थे, जिसमें भाजपा के सात जिला पंचायत सदस्यों में लवकेश रामसेवक पैकरा, अनुज राजवाड़े, सुश्री मोनिका सिंह, नयन विजय सिद्दार, बाबूलाल मरापो, कलेश्वरी लखन कुर्रे व श्रीमती किरण सिंह केराम ने अपना नामांकन दाखिल किया और वे सभी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, परमेश्वरी राजवाड़े, चन्द्रमणि देवलाल पैकरा, रेखा राजलाल राजवाड़े, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, सत्यनारायण जायसवाल, राजेश यादव, रामानंद जायसवाल, पूरन राजवाड़े, शैलेष अग्रवाल, दीपेन्द्र सिंह चौहान, अजीत शरण सिंह, राजेश साहू, संजू सोनी, अजय सिंह, रामजी साहू, भोला साहू, रविशंकर, आशीष गुप्ता, धर्म सोनी, निकायों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षद सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



निर्वाचित अध्यक्ष को प्रमाण पत्र देते अधिकारी।

### प्रतिष्ठापूर्ण रहा योजना समिति का निर्वाचन

उल्लेखनीय है कि जिला योजना समिति के गठन के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिला पंचायत के सभा कक्ष में भारी गहमा-गहमी की स्थिति बनी रही। प्रतिष्ठापूर्ण निर्वाचन में नगरीय क्षेत्रों के लिए भाजपा के 2 पार्षद व कांग्रेस से 1 पार्षद ने अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा से नपा सूरजपुर के पार्षद मुकेश गर्ग व प्रतापपुर नपं के पार्षद मुकेश अग्रवाल ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। नामांकन के उपरांत संगठन के निर्देश पर पार्षद मुकेश अग्रवाल ने अपना नाम वापस ले लिया। जिससे मैदान में दो दावेदारों के डटे रहने से भाजपा व कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला हुआ। निर्वाचन में मतदान के उपरांत मतों की गिनती की गई। जिसमें भाजपा के मुकेश गर्ग को 50 मत मिले, जबकि कांग्रेस के गैबीनाथ साहू को महज 15 मतों से ही संतोष करना पड़ा।

#### 10 सदस्यों की होगी समिति, प्रभारी मंत्री होंगे अध्यक्ष

जानकारी के अनुसार जिला योजना समिति में कुल 10 सदस्य होंगे। जिसमें आज 7 ग्रामीण क्षेत्र व 1 नगरीय क्षेत्र से सदस्य निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा जिले के प्रभारी मंत्री इस समिति के अध्यक्ष होंगे एवं कलेक्टर समिति के सचिव होंगे। समय-समय पर बैठक आयोजित कर पूरे जिले के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में विकास की योजनाओं को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजे जाएंगे।



## मंत्री राजवाड़े ने पेड़ के नीचे पत्थर पर बैठ सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत आज कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के ओड़गी ब्लॉक के कई बीहड़ और सुदूर गांवों में जन चौपाल लगाकर आम लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दरम्यान किसी मंच या कुर्सी की जरूरत नहीं पड़ी वरन मंत्री पेड़ के नीचे पत्थर पर बैठ ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। गांव के लोगों ने भी अपने बीच जमीन पर बैठे मंत्री से खुलकर अपनी बातें रखीं। जिस पर मंत्री ने हर शिकायत पर तुरंत एक्शन लिया।

- ओड़गी ब्लॉक के बीहड़ गांवों में पहुंचीं मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

दौरे की शुरुआत ग्राम दूधो से हुई, जहां ग्रामीणों ने पेयजल संकट की बड़ी समस्या सामने रखी। जल संसाधन विभाग की लापरवाही पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने चौपाल में विभागीय अधिकारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ को फटकार लगाई और तत्काल नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गांव प्यासा है और अधिकारी नदारद अब यह ढिलाई नहीं चलेगी। ग्राम पंचायत बिलासपुर में राशन कार्ड बनवाने के लिए सेल्समैन द्वारा पैसे लेने की शिकायत मिलते ही मंत्री ने मौके पर ही संबंधित कर्मचारी को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि गरीबों से पैसा लेना बंद करें। यदि शिकायत दोबारा मिली तो लाइसेंस रद्द होगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पटवारी नामांतरण और फौती जैसे कार्यों के बदले अवैध रूप से पैसे की मांग करते हैं। मंत्री ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए तहसीलदार ओड़गी को तत्काल जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत भकुरा और माढ़र में ग्रामीणों ने सड़क, राशन, आवास और पेंशन संबंधी समस्याएं रखीं। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। इस दौरान बाबूलाल मरापो, गीता सिंह, अनीता पैकरा, भानू कुशवाहा, सत्यनारायण पैकरा, राजेश तिवारी, बलराम सोनी, सत्या दुबे, कंवल प्रसाद, नारायण दत्त, चितावन राजवाड़े, छोटे लाल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## युवक पर जानलेवा हमला कर फेंका सड़क किनारे, दो गिरफ्तार

**राजपुर।** युवक के साथ मारपीट करने के साथ ही मारकर गंभीर हालत में फेंकने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम लाऊ निवासी 55 वर्षीय विगन यादव आ. स्व. रामवरत यादव ने थाने में आकर सूचना दी थी कि 10 फरवरी की शाम 6 बजे उमेश यादव घर से निकला था लेकिन वह रातभर घर नहीं लौटा। 11 फरवरी को सूचना मिली कि ग्राम भदार में उमेश यादव को लोगों ने मारकर फेंक दिया है। सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो उमेश की सांस चल रही थी लेकिन वह बेहोश था। युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में एसपी वैभव बैंकर द्वारा जांच के निर्देश दिए गए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी कुसमी इमानुएल लकडा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर



पुलिस ने दिनेश यादव और ओमप्रकाश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने ग्राम लाऊ घुटरापारा निवासी 35 वर्षीय ओमप्रकाश यादव उर्फ जीतू आ. बासदेव यादव व 32 वर्षीय दिनेश यादव आ. रतन यादव को बीएनएस की धारा 117(2), 109, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह, सउनि प्रकाश तिर्की, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र ध्रुव, आरक्षक नरेन्द्र कश्यप, लखेश्वर पैकरा, अमृत सिंह, नरेश तिर्की, सुनील तिर्की तथा सैनिक संजय यादव सक्रिय रहे।

## लंबित देयकों का तत्काल निराकरण करने का निर्देश

**अंबिकापुर।** टीए बिल पास करने के नाम पर कर्मचारी से 10 हजार रूपए की रिश्वत लेने के मामले में सीएचसी उदयपुर में पदस्थ संगणक और लेखापाल की गिरफ्तारी के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया है। संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने संभाग के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र जारी कर कहा है कि विभाग में लंबित देयकों का नियमानुसार तत्काल निराकरण कराया जाए। जेडी डॉ. शुक्ला ने जारी पत्र में कहा है कि इस तरह की घटना और शासकीय सेवकों के कृत्य से विभाग की छवि धूमिल हुई है। जिले व विकासखंड में पदस्थ लेखापाल, लेखा शाखा प्रभारी लिपिकों द्वारा शासकीय सेवकों के लंबित यात्रा भत्ता देयक, मेडिकल देयक, सामान्य भविष्य निधि देयकों, अन्य किसी भी प्रकार का देयकों का बिल पास किए जाने हेतु किसी भी प्रकार के कमीशन की मांग अगर की जाती है तो इस प्रकार के कृत्य से यह प्रतीत होता है कि कार्यालय प्रमुख, आहरण एवं संवितरण अधिकारी का अपने अधीनस्थ कार्यरत लेखापाल, लेखा शाखा प्रभारी लिपिकों पर किसी भी प्रकार का नियंत्रण ही नहीं है। जिस कारण इस प्रकार की घटना घटित हुई, यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विरूद्ध है व शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही का द्योतक व परिचायक है। उन्होंने कहा है कि जिले व विकासखंड में किसी भी प्रकार के लंबित दयकों, कार्यों की सीएमएचओ निरंतर समीक्षा करें और जितने भी प्रकरण देयक के लंबित है उसका नियमानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुए निराकरण कराया जाए। यदि भविष्य में इस तरह ही शिकायत सामने आती है और शिकायत प्रमाणित होती है तो संबंधित लेखापाल, लेखा शाखा प्रभारी लिपिकों के विरूद्ध तत्काल एकतरफा निलंबन की कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही कार्यालय प्रमुख, आहरण एवं संवितरण अधिकारी के विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।

- जेडी ने जारी किया आदेश, जांच में गड़बड़ी मिलने पर होगी कार्रवाई

## दामाद का अपहरण करने बाद कमरे में बंद कर मारपीट

**बलरामपुर।** दामाद का अपहरण कर जबरन कमरे में बंदकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने युवक की पत्नी, ससुर समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि रामानुजगंज के तातापानी चौकी अंतर्गत ग्राम चन्द्रनगर निवासी 25 वर्षीय सरवर आलम आ. सरीफ अंसारी वाहन चालक का काम करता है। 30 अप्रैल को सरवर आलम जोगाराम बरियों से हाइवा ट्रक में गिट्टी लोड़कर तातापानी की ओर जा रहा था। एनएच 343 पर लुरगुट्टा जंगल के पास हाइवा ट्रक खराब होने के कारण वह वाहन का मरम्मत करा रहा था। सरवर आलम के साथ वाहान में गांव का इन्ताफ एवं दिलशाद भी मौजूद थे। इसी बीच दोपहर 1.30 बजे सफेद रंग के स्कार्पियो वाहन से उसका ससुर मुमताज अंसारी, पत्नी रुकसाना खातून व गांव का मंजूर आलम, अहमद अंसारी, करीम अंसारी, बेलाल अंसारी व अन्य लोग मौके पर पहुंचे और पत्नी को अपने पास क्यों नहीं रखते हो कहते हुए चालक को जबरन हाइवा से उतारकर स्कॉर्पियो में बैठा लिया और रामचंद्रपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रेवतीपुर ले गए। इस दौरान एक कमरे में बंद कर सभी ने उसके साथ मारपीट की। मामले की शिकायत के बाद एसपी वैभव बैंकर ने जांच के निर्देश दिए थे। पुलिस टीम द्वारा मामले में 45 वर्षीय ससुर मुमताज अंसारी, पत्नी 25 वर्षीया रुकसाना खातून, साथी 28 वर्षीय मंजूर अंसारी, 56 वर्षीय अहमद अंसारी, 33 वर्षीय करीम अंसारी, 18 वर्षीय बेलाल अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 140(3), 115(2),191(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- ससुर, पत्नी समेत छह आरोपी गिरफ्तार



## एसईसीएल के लीज एरिया से अवैध कब्ज़ाधारियों को हटाने सुरक्षा विभाग चला रहा अभियान

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कॉलोनी सहित लीज एरिया में चल रहे अतिक्रमण के मामलों की शिकायत को संज्ञान में लेकर एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह ने शुक्रवार दो मई को त्रिपुरा बटालियन के सशस्त्र जवानों व कंपनी की सुरक्षा टीम को साथ लेकर विशेष अभियान चलाते हुए कॉलोनी के अलग अलग क्षेत्रों में पहुंच अवैध अतिक्रमणकारियों को चेताया है।इस दौरान माइनर्स कॉलोनी के 242 नंबर क्वार्टर में सेवानिवृत्त होने के बाद अवैध रूप से रह रहे कब्जाधारी संतोख सिंह से कब्जा को खाली कराते हुए बीरबल प्रेमलाल बखला को क्वार्टर दिलाया गया है। सुरक्षा अमले की जांच में वन सी टाइप क्वार्टर में रिटायर कोल कर्मी प्रेम सिंह द्वारा क्वार्टर प्रांगण में अतिरिक्त जमीन के बड़े हिस्से में लंबे समय से अवैध निर्माण कर डेयरी फॉर्म का संचालन कर भूसा गोदाम भी निर्माण किया जाना जांच में पाया गया, यहां पर रिटायर कोलकर्मी को चेतावनी देते हुए अवैध निर्माण हटाते हुए क्वार्टर को हैंड ओवर करने के लिये निर्देशित किया गया है। इसके अलावा अमेरा सहक्षेत्र कार्यालय के सामने कंपनी लीज भूमि पर टीन शेड का घेराव कर भीतर अवैध निर्माण करने वाले व्यक्ति को भी अवैध निर्माण हटा लेने की समझाइश दी गई है। भटगांव रोड में काली मंदिर के पास अवैध अतिक्रमण कर दुकान को किराए में देने वाले अतिक्रमणकारी को सुरक्षा अधिकारी ने कार्यालय तलब किया है,जबकि जेएमक्यू कॉलोनी के क्वार्टर नंबर 52 में सीटू यूनियन के नेता द्वारा क्वार्टर को दूसरे व्यक्ति के नाम आबंटित कराते हुए किसी अन्य व्यक्ति से किराया वसूली कर बेजा कमाई करने का मामला भी सामने आया है। बता दें कि पिछले दो-तीन वर्षों से क्षेत्रीय प्रबंधन के लचर रवैए से एसईसीएल लीज एरिया में अवैध अतिक्रमण की बाढ़ आई हुई है। प्रबंधन द्वारा ऐसे मामलों में मुंह देखी कार्यवाही से संबंधितों के हौसले बुलंद हैं। जेएमक्यू कॉलोनी समीप ट्रांसपोर्ट कारोबारी द्वारा बड़े भू भाग में कब्जा कर समुदाय विशेष के लोगों को टुकड़े-टुकड़े में जमीन बेचकर अवैध कमाई की जा रही है। ये सभी अतिक्रमणकारी पोस्ट ऑफिस के पास कंपनी के विद्युत खंभे से खुलेआम कटिया लगा अवैध रूप से कंपनी के विद्युत का उपभोग कर कंपनी को आर्थिक क्षति पहुंचा रहे हैं।



## भालू के हमले से ग्रामीण गंभीर

**अम्बिकापुर।** शादी में शामिल होने जा रहे ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर क्षेत्र के ग्राम बकोई निवासी लाल साय आज तड़के पैदल पास के गांव में परिचित के यहां शादी में शामिल होने जंगल के रास्ते जा रहा था। जैसे ही ही ग्राम बकोई जंगल में पहुंचा तभी झाड़ियो से एक भालू निकल ग्रामीण पर हमला कर दिया। इसी बीच मार्ग से गुजर रहे ग्रामीणों ने किसी तरह भालू को भगाया और घटना की जानकारी घायल के परिजन को दी। परिजन घायल को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल का उपचार जारी है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शादी में शामिल होकर घर लौट रहे बाइक सवार को ग्राम बुढा डांड़ शिव मंदिर के समीप विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक किशोरी ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया वहीं एक किशोरी का उपचार निजी अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना अंतर्गत ग्राम राजगांव निवासी मालती राठिया आ. चमरू राम राठिया (15 वर्ष) पिछले माह 22 अप्रैल को नीमम व कौशल राठिया के साथ बाइक से ग्राम बुढ़ा डांड़ शादी में शामिल होने गई थी। शाम को तीनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही बुढ़ा डांड शिव मंदिर के समीप पहुंचे तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से तीनों गंभीर रूप घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन तीनों को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांच उपरांत कौशल राठिया का मृत घोषित कर दिया जबकि दोनों किशोरियों की हालत गंभीर होने पर अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मालती राठिया के परिजन के पास पैसा नहीं होने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज तड़के उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई वहीं घायल नीलम का उपचार जारी है।

## पिता की हत्या के बाद फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पिता की हत्या के बाद फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वेल्डिंग मशीन को तोड़ने से नाराज पुत्र ने पिता की पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया था और घटना के बाद से ही फरार चल रहा था।

- वेल्डिंग मशीन तोड़ने पर की थी मारपीट

लुंड्रा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गतग्राम जामडीह निवासी हरिहर चौहान अपने बड़े पुत्र अशोक चौहान के साथ रहता था। 7 फरवरी को अशोक ने अपने छोटे भाई आशुतोष चौहान को फोन पर बताया कि पिता हरिहर चौहान ने वेल्डिंग मशीन में तोड़फोड़ की थी जिसके बाद गुस्से में आकर उसने पिता की पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद आशुतोष चौहान ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो हरिहर चौहान जमीन पर मृत पड़ा था और उसके सिर, चेहरे, कान से खून निकल रहा था। मौके पर खून लगा डंडा, लोहे का पाइप, लोहे के टांगी का टूटा हुआ बेट पड़ा हुआ था।



मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने 29 वर्षीय अशोक चौहान आ. स्व. हरिहर चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त डण्डा, लोहे का पाईप, लोहे का टांगी टुटा हुआ बेट जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना लुंड्रा से सउनि शिवचरण साहू, आरक्षक वीरेंद्र खलखो, बाल्केश्वर राम, सतीश कुमार, बहाल राम, निरंजन बड़ा, शिवप्रसाद खलखो सक्रिय रहे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

